नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

गांधी को जीवन में उतारने की जरूरत – श्रीराम जाधव

हिंदी विवि की ओर से 'आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी' का आयोजन

वर्धा, 9 अगस्त 2016: महात्मा गांधी का जीवन और दर्शन वैश्विक था। उनके जीवन का कुछ अंश

अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। यह बातें सेवाग्राम आश्रम प्रतिष्ठान के सचिव श्रीराम जाधव ने कही। आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी इस अभियान के अंतर्गत बुधवार को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बापू कुटी सेवाग्राम आश्रम को भेंट की। इस अवसर पर वे विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। अगस्त क्रांति दिवस पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को शहीद स्मारक, सेवाग्राम आश्रम तथा शांति स्तुप ले जाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शहीद स्मारक में वृक्षारोपण भी किया। भ्रमण के दौरान

राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, बी. एस. मिरगे उपस्थित थे।

विदित हो कि विश्वविद्यालय में 4 से 23 अगस्त तक आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में भाषण एवं निबंध

प्रतियोगिता आयोजित की गयी। गुरुवार, 11 को नाट्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा 12 को रंगोली तथा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित है। इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील विश्वविद्यालय की ओर से की गयी है।

गांधीजींना आत्मसात करण्याची गरज – श्रीराम जाधव

'आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी' अंतर्गत विविध कार्यक्रम

वर्धा, 9 ऑगस्ट 2016: महात्मा गांधी यांचे जीवन आणि कार्य वैश्विक होते. त्यांच्या जीवनाचा काही अंश आपण आपल्या जीवनात आत्मसात केला पाहिजे असे विचार सेवाग्राम आश्रम प्रतिष्ठानचे सचिव श्रीराम जाधव यांनी व्यक्त केले. आजादी 70 : याद करो कुर्बानी या अंतर्गत बुधवारी महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील विद्यार्थ्यांनी बापू कुटी सेवाग्राम आश्रमाला भेट दिली. यावेळी ते विद्यार्थ्यांशी संवाद करत होते. ऑगस्ट क्रांती दिनानिमित्त विद्यार्थ्यांना हुतात्मा स्मारक, सेवाग्राम आश्रम आणि शांती स्तुप येथे नेण्यात आले. यावेळी विद्यार्थ्यांनी हुतात्मा स्मारक परिसरात वृक्षारोपणही केले. राष्ट्रीय सेवा योजनेचे संयोजक सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, बी. एस. मिरगे यांची यावेळी उपस्थिती होती.

विश्वविद्यालयात 4 ते 23 ऑगस्ट दरम्यान 'आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी' अंतर्गत भाषण, निबंध स्पर्धा घेण्यात आल्या. गुरुवारी नाटक आणि फैंसी ड्रेस, 12ला रांगोळी व पोस्टर स्पर्धा घेण्यात येईल. याच काळात गांधी हिल्स मानसून फोटोग्राफी स्पर्धा जनसंपर्क विभागाच्या वतीने घेण्यात येत आहे.